सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने प्रदेश वासियों को हिंदी दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजभवन देहरादून 13 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेश वासियों को हिंदी दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की पहचान भी है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारे विचारों, भावनाओं और संस्कारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। हिंदी को समर्थ व सक्षम बनाने के लिए अलग–अलग क्षेत्रों के लोगों ने अहम भूमिका निभाई है।

राज्यपाल ने कहा कि हिंदी ने न केवल हमारे देश को एकसूत्र में पिरोने का कार्य किया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान को मजबूती प्रदान की है। हमें गर्व है कि हमारी भाषा विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। हमें इसे और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

राज्यपाल ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि हम हिंदी के प्रचार–प्रसार में अपना योगदान दें और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम आने वाली पीढ़ियों को हिंदी की महत्ता से अवगत कराएँ और इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर हम हिंदी के प्रचार–प्रसार और अधिक से अधिक प्रयोग करने का संकल्प लें।

............0............